सोनीपत, 13 जनवरी (का.प्र.): ऋषिकुल विद्यापीठ में लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अग्नि में मूंगफली व रेवड़ी के प्रसाद की आहुति देकर की गई। तत्पश्चात कक्षा के.जी. के छात्रों ने गीत व कविता पाठ द्वारा सभी का मन मोह लिया। नन्हे-मुन्ने छात्रों संग स्कूल की अध्यापिकाओं ने सुंदरी-मुंदरी गीत पर नृत्य भी प्रस्तुत किया। मौके पर स्कूल चेयरमैन एस.के. शर्मा, निदेशक धीरज शर्मा, प्रधानाचार्य पी.आर. मोहनन, उप-प्रधानाचार्य नरेश पाल सिंह, सुरेंद्र छाबड़ा, मनोज सिंह, अर्चना शर्मा, प्राइमरी विभाग की इंचार्ज वंदना वत्स सहित अन्य स्टाफ भी मौजूद था।